Reg. No. : ....

Name : ....

FY 1003

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EQUIVALENCY EXAMINATION, JULY 2025

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5×1=5)**

1. काँचों के टुकड़ों में अपनी शक्ल किसने देखी ?

   (कुत्ता, बिल्ली, गाय)

2. लेखक ने कितने सेब खरीदे ?

   (आधा सेर, एक सेर, दो सेर)

Scor

3. अपनी शान दिखाने के लिए कुत्ता क्या करने लगा ?

(चौंकने, भौंकने, डरने)

4. "कश्मीरी सेब" कहानी का लेखक कौन है ?

(हरिशंकर परसाई, प्रेमचंद, अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध)

5. "समझौता" किस विधा की रचना है ?

(कविता, लघुकथा, निबंध)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक ऊँची इमारत की पाँचवीं मंजिल की

खिड़की से

एक आदमी ने अपने को बाहर फेंक दिया है ।

मेरे शब्द उछलकर

उसे बीच में ही झेल लेना चाहते हैं ।

Score

6. ये पंक्तियाँ किसकी हैं ? (1)

(अशोक वाजपेयी, अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध, तुलसी दास)

7. दफ़्तर से बाहर आकर शहरी आदमी ने क्या किया ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें । **(4×4=16)**

9. रहीम का दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि ।

जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि ।।

10. जीवनवृत्त पढ़ें और "अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध" के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

नाम : अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध

जन्म : सन् 1865, निज़ामाबाद

रचनाएँ : प्रियप्रवास, वैदेही वनवास, चोखे चौपदे

विशेषताएँ : प्रथम महाकाव्यकार, द्विवेदी युग के प्रतिनिधि-कवि

Score

11. तुलसीदास की राय में अच्छा राजा किसके समान कार्य करता है ?

12. कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,

एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा ।

आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,

एक तिनका आँख में मेरी पड़ा ।

13. सही मिलान करें ।

मीन	छोटा
औरे	आती है
आवै	मछली
लघु	दूसरे

14. "समझौता" लघुकथा के ये कथन पढें और पहले साइकिल वाले के चरित्र पर टिप्पणी लिखें

* जबान संभालकर बोलना, अभी खोपड़ी फोड़ दूँगा।

* अंधा है क्या ? दिखाता भी नहीं ?

Score

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें ।

एक विशाल काँच के महल में न जाने किधर से एक भटका हुआ कुत्ता घुस गया । हज़ारों काँचों के टुकड़ों में अपनी शक्ल देखकर वह चौंका । उसने जिधर नज़र डाली, उधर ही हज़ारों कुत्ते दिखाई दिए । वह समझा कि ये सब उसपर टूट पड़ेंगे और उसे मार डालेंगे । अपनी शान दिखाने केलिए वह भौंकने लगा, उसे सभी कुत्ते भौंकते हुए दिखाई दिए । आखिर वह उन कुत्तों पर झपटा, वे भी उस पर झपटे । बेचारा ज़ोर-ज़ोर से उछला, कूदा, भौंका और चिल्लाया । अंत में गश खाकर गिर पड़ा ।

15. कुत्ता क्यों चौंक गया ? **(2)**

16. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । **(3×6=18)**

17. आजकल सड़कों के निर्माण के लिए बड़ी संख्या में वृक्ष काटे जा रहे हैं । इस पर नियंत्रण लाने के लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

18. **अंग्रेजी** संवाद का **हिंदी** में अनुवाद करें ।

Rahul : Hey, friend, How are you ?

Rahim : I am fine.

Rahul : Friend, yesterday I watched a new movie.

Rahim : Which movie did you watch ? Tell me.

Rahul : I watched Dangal.

Score

19. आदमी के व्यवहार से साइकिल वालों के बीच का झगड़ा बंद होता है । इस पर पहले साइकिल वाले की डायरी तैयार करें ।

* साइकिलों का टकराना
* आपस में गालियाँ सुनाना
* आदमी आकर झगड़ा बंद करना

20. लेखक नाश्ता करने के लिए सेब निकाला तो वह सड़ा हुआ था । लेखक और पत्नी के बीच की बातचीत तैयार करें ।

* दुकानदार से धोखा खाना
* लाभेच्छा के कारण बेइमान
* बेइमानी पकड़ना ।

सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । **(3×8=24)**

21. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के भाषण से आप बहुत प्रभावित हुए हैं । इस भाषण के बारे में आप अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखना चाहते हैं । वह पत्र तैयार करें ।

* देश की स्वतंत्रता
* विश्व शान्ति
* अनाचार का विरोध ।

Score

22. जीवन लिमिटेड कम्पनी ने अपनी नयी कार की बुकिंग शुरू की । इसके लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

* आकर्षक रूप में
* बेहतर ईंधन क्षमता
* 1200 सी.सी.
* तेज़ रफ़्तार ।

23. सही मिलान करें ।

Insurance	संचिका
Typist	आरक्षण
File	प्रबंधक
Reservation	जमाकर्ता
Manager	हस्ताक्षर
Depositor	टंकक
Signature	जोखिम
Risk	बीमा

24. बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के बारे में एक लेख तैयार करें ।

* बढ़ती दुर्घटनाएँ
* विविध कारण
* सड़क सुरक्षा उपाय ।